भारत सरकार
पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय
एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, देहरादून
25 सुभाष रोड, देहरादून–248001
दूरभाषः 0135–2650809
फैक्स–0135–2653010
ईमेल- moef.ddn@gov.in

सत्यमेव जयते

GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF ENVIRONMENT, FOREST & CLIMATE CHANGE
INTEGRATED REGIONAL OFFICE, DEHRADUN
25 SUBASH ROAD, DEHRADUN-248001
PHONE- 0135-2650809
FAX- 0135-2653010
Email- moef.ddn@gov.in

पत्र सं0 8बी / यू.सी.पी. / 06 / 171 / 2016 / 664 — दिनांकः 08 / 08 / 2022

सेवा में,

अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी
वन संरक्षण, इन्दिरानगर फॉरेस्ट कालोनी,
उत्तराखण्ड, देहरादून।

**विषय : जनपद –अल्मोड़ा पोखरी–मेरगॉव से कपिलेश्वर तक मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 7.025 हे0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यों हेतु लोक निर्माण विभाग को प्रत्यावर्तन। (online no. FP/UK/Road/11763/2015)**

**सन्दर्भः अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, उत्तराखण्ड शासन की पत्र संख्या– 318/ FP/UK/ Road/11763/2015 दिनांक 29-07-2022**

महोदय,

उपरोक्त विषय पर संदर्भित पत्र का आशय ग्रहण करते हुए मुझे आपको यह सूचित करने का निर्देश हुआ है कि इस कार्यालय के समसंख्यक पत्र दिनांक 23.08.2021 का उत्तर राज्य सरकार के सन्दर्भित पत्र द्वारा प्रस्तुत किया है जिसके अवलोकन उपरान्त प्रस्ताव में कुछ त्रुटियाँ पाई है। अतः आपसे अनुरोध है कि निम्नाँकित बिन्दु पर अभिलेख / दस्तावेज़ इस कार्यालय में प्रेषित करने का कष्ट करें :–

1. बिन्दु संख्या–01 के संदर्भ में राज्य सरकार द्वारा यह अवगत कराया गया है कि मार्ग को गांव से आगे बढ़ाये जाने के संदर्भ में प्राचीन कपिलेश्वर मंदिर तक मार्ग एवं शमशान तक access कारण दिया है किन्तु अंतिम बिन्दु से मंदिर अभी भी 900 मी0 से अधिक दर्शित होता है। अतः राज्य सरकार के अनुरोध है कि शमशान की location को के0एम0एल0 फाईल पर इंगित करते हुये वर्तमान व्यवस्था पर अपना स्पष्ट प्रतिवदेन इस कार्यालय में प्रेषित करने का कष्ट करें। साथ ही कृपया यह भी स्पष्ट करें कि उपरोक्त access हेतु 7 मी0 चौड़ाई में मार्ग निर्माण की आवश्यकता क्यों है।
2. Geo-referenced मानचित्र पर प्रस्तावित alignment में बिन्दु 18 से 29 के मध्य ग्राम गुठोली एवं बुसोरी को जोड़ा गया है। किन्तु के0एम0एल0 फाईल का आवलोकन उपरान्त, यह प्रतीत होता है कि बिन्दु सं0 18 एवं 29 के मध्य existing bridle path एवं गैर–वन भूमि का उपयोग करते हुये संमरेखण पर विचार नहीं किया गया है। अतः राज्य सरकार से अनुरोध है कि उक्त संमरेखण पर तकनीकी रूप से आवश्यक जांच करने का कष्ट करें एवं वैकल्पिक संमरेखण की विस्तृत जानकारी इस कार्यालय में प्रेषित करने का कष्ट करें।
3. बिन्दु संख्या–02 के संदर्भ में राज्य सरकार द्वारा अभी तक C/B analysis नयें प्रारूप में प्रस्तुत नहीं किया गया है। अतः राज्य सरकार से अनुरोध है कि नयें प्रारूप में C/B analysis इस कार्यालय में प्रेषित करने का कष्ट करें।
4. सी.ए. क्षेत्र का डी0एस0एस0 विश्लेषण करने के उपरांत यह पाया गया है कि सी.ए. क्षेत्र का पैच–1 पूर्ण रूप से MDF क्षेत्र में आ रहा है जोकि सही प्रतीत नहीं होता है। अतः राज्य सरकार से अनुरोध है कि सी.ए. क्षेत्र का विश्लेषण कर आवश्यक सुधार करने का कष्ट करें।

प्रस्ताव को **आगामी आर.ई.सी. की बैठक** में चर्चा हेतु रखा जाना सुनिश्चित किया गया है एवं राज्य सरकार से अनुरोध है कि संबंधित डी0एफ0ओ0 एवं अधिशाषी अभियंता को बैठक में physical रूप से उपस्थित रहने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें।

भवदीय

08.08.22

**(गजेंद्र प्रकाश नरवणे)**
सहायक महानिरीक्षक (वन)

**प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :—**

1. अपर मुख्य सचिव (वन), उत्तराखण्ड शासन, सुभाष रोड़, देहरादून।

**(गजेंद्र प्रकाश नरवणे)**
सहायक महानिरीक्षक (वन)